Activity Cond. by Department 2018-19

DEPARTMENT HINDI

J.S.M. COLLEGE

ALIBAG-RAIGAD

वर्ष 2018-19 में हिंदी साहित्य मंडल का पुनर्गठन कर नवीनीकरण किया गया, जिसमें अध्यक्ष के तौर पर प्राचार्य महोदय को अध्यक्ष पद प्रदान करते हुए गौरव का अनुभव हुआ। साथ ही हिंदी साहित्य मंडल के कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में हिंदी विभागाध्यक्ष कैप्टन डॉ. मोहसिन ख़ान को पद प्रदान किया गया। इस मंडल में स्नातक स्तर पर और स्नातकोत्तर स्तर पर 6 विद्यार्थियों का सदस्य रूप में चयन किया गया तथा हिंदी साहित्य मंडल के संचालन करने हेतु संचालक के तौर पर श्री नरेंद्र पाटिल को पदभार प्रदान किया गया। इस प्रकार से सन 2018-19 मई हिंदी साहित्य मंडल का नवीनीकरण कर नई योजनाएँ तथा नई दिशाएँ तय की गई।

हिंदी साहित्य मंडल ने 14 सितंबर 2018 को हिंदी दिवस का आयोजन किया जिसमें हिंदी भाषा देवनागरी लिपि के बढ़ते हुए चरण को रेखांकित करने के लिए हिंदी विभाग में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसका प्रमुख विषय था- **'हिंदी भाषा, देवनागरी लिपि : तकनीक के विविध आयाम'** इस व्याख्यान के माध्यम से स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों को हिंदी की दशा और दिशा के विषय में स्पष्ट करते हुए देवनागरी लिपि की महत्ता को दर्शाया तथा हिंदी का रोजगार से संबंध दर्शाते हुए रोजगार की दिशाओं की ओर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। यह व्याख्यान हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ.मोहसिन खान ने हिंदी दिवस के अवसर पर दिया।

इसी अवसर पर विद्यार्थियों की हिंदी के प्रति रुचि देखते हुए कविता पाठ तथा लघु कथा पाठ का भी संचालन किया जिसमें विभाग के कई विद्यार्थियों ने सहभाग किया तथा अपने रचनाकर्म को दर्शाने का प्रयास किया। विद्यार्थियों की साहित्य के प्रति और अधिक रुचि जागृत हो इसलिए उन्हें साहित्य के विविध आयामों के संदर्भ में भी दिशाओं का निर्देश दिया तथा मीडिया फिल्म जगत में साहित्य की उपस्थिति को दर्शाते हुए साहित्य की महत्ता का दिशा निर्देश किया।

हिन्दी विभाग की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि इस वर्ष यह रही कि हमारे महाविद्यालय के हिन्दी विभाग के पीएच.डी. शोधकेन्द्र के अंतर्गत शोधोपाधि हेतु 7 शोधार्थियों का साक्षात्कार लिया गया और सभी को शोध हेतु शैक्षिक दृष्टया योग्य मान लिया गया। जिसमें से पाँच शोधार्थियों मुंबई विश्वविद्यालय के अंतर्गत शोधोपाधि (पीएच.डी.) हिन्दी के पंजीयन हेतु प्रस्तावित शोध विषय की रूपरेखा जमा की। जिसमें से शेख शबाना सत्तार के शोध-विषय को दिनांक 20 अगस्त 2018 को मुंबई विश्वविद्यालय की ओर से मान्यता दी गई। स्नातकोत्तर भाग- 2 की जून 2018 में

हुई परीक्षा में 14 विद्यार्थियों में से 4 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में, 7 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कुलमिलाकर स्नातकोत्तर भाग- 2 का रिज़ल्ट 78.57 प्रतिशत लगा।

दिनांक 10 जनवरी 2019 को 'विश्व हिन्दी दिवस' के अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया अलीबाग शाखा एवं आंचलिक कार्यालय द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका संचालन राजभाषा अधिकारी श्री विजयकुमार ने किया। मुख्य प्रबन्धक श्री अभय कुमार सिंह अध्यक्ष रूप में उपस्थित रहें। साथ ही विपणन अधिकारी श्री राहुल कांबले ने सक्रिय योगदान दिया। जे.एस. एम. कॉलेज अलीबाग की एम. ए. में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कु. प्राजक्ता संतोष भोईर को प्रशस्तिपत्र एवं 1100/- रुपये नकद राशि से सम्मानित किया गया। समाज तथा देश के विकास में हिन्दी के महत्त्व को दर्शाया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों का सक्रिय सहभाग रहा।

डॉ. मोहसिन ख़ान
स्नातकोत्तर हिन्दी विभागाध्यक्ष
एवं शोध निर्देशक
जनता शिक्षण मण्डल द्वारा संचालित
कला, विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय,
अलिबाग-४०२२०१, ज़िला-रायगड़ (महाराष्ट्र)